# वसुंधरा विशेष विद्यालय

## सीहोर (मप्र)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

## वर्ष (01 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024)

### स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023

स्वतंत्रता दिवस समारोह वसुंधरा विशेष विद्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया है। हर साल की तरह इस साल दिव्यांग श्रीमति उमा चौरसिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया श्रीमति उमा चौरसिया द्वारा सफलता की कहानियाँ सुनाइ जिससे सभी लोगों को प्रभावित और प्रेरणादायक दी । बच्चों को मिठाइयाँ और बिस्कुट वितरित किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम व् ढोलक वादन आयोजित किए गए। सभी बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।





**2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर नशा नहीं करने की ली शपथ -**

वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय गांधी कॉलोनी गंज सीहोर में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर ने गांधी



जी की प्रतिमा व सरस्वती जी को माल्यार्पण करने के पश्चात गांधी कालोनी के लोगो को बताया कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है । इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। इसके उपरांत नशा मुक्ति के लिए सभी को शपथ ग्रहण कराई गई । शपथ ग्रहण करते हुए सभी लोगो ने कहा कि जीवन काल में शराब का सेवन नहीं करेंगे। संस्था अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने बताया की नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्धार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। आज का युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है। व श्री एस एल सेन जी ने भी गांधी वार्ड के लोगो से नशा न करने की अपील की । इस अवसर पर श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा दोहरे, पूजा सेन, पूजा मालवीय व गांधी वार्ड के महिला, पुरुष,बच्चे उपस्थित रहे।






**मतदाता जागरूक करने वसुंधरा दिव्याँग विशेष विद्यालय के छात्रों ने की रैली में सहभागिता-**



सामाजिक न्याय एवं दिव्याँगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत दिव्यांग / वृद्धजन मतदाताओं के लिए सुगम मतदान किये जाने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम व रैली को सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें दिव्याँग बच्चों द्वारा स्वीप प्लान में दिव्यांग मतदाताओं को लेकर आवासीय खेलकूद संस्थान भोपाल नाका सीहोर में रैली का आयोजन

किया गया जिसमें वसुंधरा वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की । इस अवसर पर श्री महेश जी यादव उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर व समस्त स्टाफ़, श्री हरिओम शर्मा समाजसेवी, श्री अर्जुन सिंह अध्यक्ष वसुंधरा फाउंडेशन, श्री आलोक शर्मा प्राचार्य आवासीय विद्यालय,श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा सेन,अलका सोलंकी, इरफान, तरूण श्रीवास्तव, भाविका कुशवाहा,मुस्कान प्रजापति, शुभम सिमोलिया उपस्थित रहे।





## वर्ष 2023 - 24 में वसुंधर विशेष विद्यालय द्वारा की अन्य गतिविधिया -






माई न्यूज | माईन्यूज | 19 | दिसम्बर 22

# दिव्यांग बच्चों के लिये विशेष विद्यालय खोलेगी संस्था

**सीहोर माईन्यूज।** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ता रवींद्र ठाकुर, मनीषा सेन व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सीहोर शहर के दिव्यांग बच्चो का सर्वे किया जा रहा है संस्था के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया की सीहोर शहर में सैंकड़ो दिव्यांग बच्चे है जो मानसिक रूप से



दिव्यांग है संस्था के कार्यकर्ता शहर के दिव्यांग बच्चों के घरों में जाकर माता पिता से संपर्क कर बच्चों की समस्याओं का सेर्वेक्षण कार्य व विशेष विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है संस्था द्वारा सीहोर शहर में निःशुल्क विशेष विद्यालय खोला जायेगा। संस्था द्वारा जल्द ही विशेष विद्यालय शुरू किया जा रहा है और संस्था के निदेशक ने शहर के नागरिकों से निवेदन किया कि इस पुनीत कार्य में संस्था का सहयोग कर दिव्यांग बच्चों को विशेष विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करे ।

# दिव्यांग बच्चो का सर्वेक्षण



**सीहोर।** वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था सीहोर के कार्यकर्ता रवींद्र ठाकुर, मनीषा सेन व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सीहोर शहर के दिव्यांग बच्चो का सर्वे किया जा रहा है संस्था के निदेशक अर्जुन सिंह ने बताया की सीहोर शहर में सेंकड़ो दिव्यांग बच्चे है जो मानसिक रूप से दिव्यांग है संस्था के कार्यकर्ता शहर के दिव्यांग बच्चों के घरों में जाकर माता पिता से संपर्क कर बच्चों की समस्याओं का सेर्वेक्षण कार्य व विशेष विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है संस्था द्वारा सीहोर शहर में निःशुल्क विशेष विद्यालय खोला जायेगा जिसमें विशेष बालक जो बाधिता से ग्रसित हैं जिनको पृथक से विशेष विद्यालय में प्रवेश दिलाया जावेगा। आवश्यक रूप से उनका विशेष पाठ्यक्रम, विशेष शिक्षण विधियों से शिक्षा हो सकेगी। जिससे दृष्टि, श्रवण शक्ति, गतिशीलता, सम्प्रेषण, सामाजिक–भावनात्मक सम्बन्ध, बुद्धिमत्ता का विकास हो सके घर पर स्वयं अपना व छोटे भाई–बहनों का ध्यान रख सकें और घर के कामकाज कर सकें। और असमर्थता से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर सके। संस्था द्वारा जल्द ही विशेष विद्यालय शुरू किया जा रहा है और संस्था के निदेशक ने शहर के नागरिकों से निवेदन किया कि इस पुनीत कार्य में संस्था का सहयोग कर दिव्यांग बच्चों को विशेष विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करे।

# बच्चों ने नशा नहीं करने की शपथ ली

सीहोर माईन्यूज। वसुंधरा विशेष विद्यालय गांधी कॉलोनी गंज में महेश यादव उप संचालक सामाजिक



न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें नशा एक सामाजिक बुराई है इसके नुकसान से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती उमा जी चौरसिया, श्रीमति सोनू वारिया शिक्षक उपदेश भलावी, अंजना राठौर, पूजा दोहरे, पूजा सेन, पूजा मालवीय व गांधी वार्ड के महिला, पुरुष,बच्चे उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर | सीहोर 18-10-2023

जिलेभर में आयोजित की जा रही हैं कई गतिविधियां

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ, दिव्यांगों ने निकाली रैली

भास्कर संवाददाता | सीहोर

सोमवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांजन मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं रैंप, व्हील चेयर, बैशाखी आदि की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी प्रदान की गई। रैली के दौरान अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रैली में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक महेश कुमार यादव भी शामिल हुए।



मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली।

वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला सिराड़ी सहित अनेक स्कूलों में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई और मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही अनेक शासकीय स्कूलों में मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अनेक छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली।














